आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 04.04.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचार :—**

- प्रदेश के राज्य और जिला सहकारी बैंकों ने वित्तीय वर्ष 2025—26 में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 269 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ अर्जित किया।
- अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री खजान दास ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली; जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार—प्रसार करने के निर्देश दिए।
- पौड़ी ज़िले के पोखड़ा विकासखंड की न्यायपंचायत कोलाखाल और बीरोंखाल विकासखंड के विभिन्न क्षेत्र में नरभक्षी गुलदार के बढ़ते खतरे को देखते हुए स्कूलों में आज से छह अप्रैल तक अवकाश।
- राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज आंधी और ओलावृष्टि की चेतावनी।

**लाभ**

प्रदेश के राज्य और जिला सहकारी बैंकों ने वित्तीय वर्ष 2025—26 में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 269 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ अर्जित किया है। सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रदेश के सहकारी बैंक लगातार मजबूत हो रहे हैं और उनकी वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ है।
उन्होंने बताया कि राज्य और जिला सहकारी बैंकों की 290 शाखाएं लाभ की स्थिति में पहुंच गई हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। बैंकों ने इस दौरान शुद्ध मुनाफे में भी बढ़ोतरी दर्ज की है।
सहकारिता मंत्री ने कहा कि बेहतर वित्तीय प्रबंधन और पारदर्शी व्यवस्था के चलते बैंकों के एनपीए में भी कमी आई है। बैंकों का सकल एनपीए घटकर करीब 650 करोड़ रुपये रह गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में कम है। इसके साथ ही शुद्ध एनपीए में भी कमी दर्ज की गई है।
उन्होंने कहा कि ऋण वितरण में सुधार और डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे बैंकों की स्थिति मजबूत हुई है। यह प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है।
डॉ. रावत ने कहा कि सरकार सहकारी क्षेत्र को और मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, ताकि बैंक, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

**अल्पसंख्यक कल्याण/समीक्षा**

देहरादून में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री खजान दास ने विधानसभा स्थित सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति और जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई।
अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग की योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए और होर्डिंग सहित अन्य माध्यमों से इनका व्यापक प्रचार—प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि उनका लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके।
श्री दास ने छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि शिविरों का आयोजन कर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से छात्रवृत्ति का वितरण किया जाए, जिससे लोगों को योजनाओं की जानकारी मिल सके।
उन्होंने मुख्यमंत्री हुनर योजना के तहत चल रहे कौशल विकास कार्यक्रमों की भी समीक्षा की और कहा कि इन कार्यक्रमों की जानकारी जनप्रतिनिधियों तक भी पहुंचाई जाए।

<u>एलपीजी आपूर्ति</u>

चारधाम यात्रा के मद्देनजर केंद्र की ओर से राज्य में व्यावसायिक एलपीजी कोटे में 6 प्रतिशत वृद्धि के फैसले का भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से यात्रा मार्गों पर ढाबों, रेस्टोरेंटों और होटलों में एलपीजी की आपूर्ति बाधित नहीं होगी।

श्री भट्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए सरकार आपूर्ति व्यवस्था को लेकर सतर्क है और यात्रा मार्गों पर पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चारधाम यात्रा प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है और इससे बड़ी संख्या में लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है। उन्होंने अफवाहों से बचने और अपुष्ट सूचनाओं पर विश्वास न करने की अपील की।

<u>अवकाश</u>

पौड़ी गढ़वाल के पोखड़ा और आसपास के क्षेत्रों में नरभक्षी गुलदार के बढ़ते खतरे को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। यह निर्णय छात्र–छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार जोशी ने बताया कि जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देश पर न्याय पंचायत कोलाखाल क्षेत्र के पाटल्यूं, मयलगांव, पटोटी और कुण्जखाल के विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक के लिए आज से 6 अप्रैल को अवकाश रहेगा।

इसके साथ ही बीरोंखाल विकासखंड के तिमली, कण्डूली बड़ी, ढिस्वाणी और भरपूर बड़ा क्षेत्र के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के लिए इन तिथियों में छुट्टी घोषित की गई है।

अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र की परिस्थितियों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है और सभी विद्यालयों को आदेशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

<u>मौसम</u>

राज्य के पांच जिलों में आज खराब मौसम को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने, ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलने की संभावना है। अन्य जिलों के लिए आंधी–तूफान का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

इस चेतावनी के मद्देनजर राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने संबंधित जिलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में खराब मौसम के दौरान ट्रैकिंग गतिविधियों को नियंत्रित रखने और संवेदनशील क्षेत्रों में आवाजाही पर नजर रखने को कहा गया है। किसी भी आपदा या दुर्घटना की स्थिति में तुरंत कार्रवाई और सूचनाओं के आदान–प्रदान पर जोर दिया गया है।

सभी अधिकारियों और विभागों को हाई अलर्ट पर रहने और फील्ड में सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं।

<u>समीक्षा केदारनाथ यात्रा</u>

केदारनाथ यात्रा की तैयारियों को लेकर रुद्रप्रयाग में जिलाधिकारी विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान उन्होंने यात्रा से पहले सभी व्यवस्थाओं को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं में देरी और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में सड़क और राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति की समीक्षा करते हुए भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में कार्यों की प्रगति जानी गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सड़कों पर मलबा न रहे और पैचवर्क, रोड मार्किंग, चौड़ीकरण, डामरीकरण और क्रैश बैरियर से जुड़े सभी काम जल्द पूरे किए जाएं। आवश्यक स्थानों पर साइनेज और डायवर्जन बोर्ड लगाने को भी कहा गया।

गौरीकुंड से केदारनाथ तक पैदल मार्ग पर पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, विश्राम स्थल, सुरक्षा और संचार व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। घोड़ा–खच्चर संचालन के लिए पंजीकरण और बीमा की स्थिति की भी समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग को पर्याप्त चिकित्सकों की तैनाती और जरूरी जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

<u>टिकट बुकिंग/साइबर ठगी अलर्ट</u>

केदारनाथ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग के संबंध में श्रद्धालुओं के लिए सतर्कता अलर्ट जारी किया है। 22 अप्रैल से शुरू हो रही यात्रा के दौरान साइबर ठगी से बचने के लिए प्रशासन ने सतर्क रहने की अपील की है।

प्रशासन के अनुसार, यात्रा के समय साइबर अपराधी फर्जी वेबसाइट, सोशल मीडिया विज्ञापन और व्हाट्सएप मैसेज के जरिए लोगों को निशाना बनाते हैं। आकर्षक ऑफर दिखाकर लोगों से हेलीकॉप्टर टिकट के नाम पर ऑनलाइन भुगतान करा लिया जाता है।

यह भी बताया गया है कि कई बार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और सर्च इंजन पर दिखाई देने वाले कुछ स्पॉन्सर्ड लिंक भी फर्जी हो सकते हैं, जिनके माध्यम से लोग नकली वेबसाइटों तक पहुंच जाते हैं।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कोई भी अधिकृत कंपनी इस तरह कॉल या मैसेज के माध्यम से पैसे नहीं मांगती है। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि हेलीकॉप्टर टिकट की बुकिंग केवल आधिकारिक वेबसाइट से ही करें और किसी भी अनजान लिंक या ऑफर पर भरोसा न करें।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर..**

उत्तराखंड बीजेपी में 14 और नेताओं को दिए गए दायित्व– हिन्दुस्तान समाचार पत्र इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– 8 नेताओं को गढ़वाल  से और 6 नेताओं को कुमाऊं से सरकार ने सौंपी जिम्मेदारी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से दैनिक जागरण की ख़बर है– सरकारी भूमि पर कब्जा होने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी होगी तय।

चारधाम यात्रा से जुड़ी खबर पर अमर उजाला का शीर्षक है– तीर्थयात्रा से पहले सभी कार्य हर हाल में पूरे करने के निर्देश, यात्रा सुरक्षा के लिए रूद्रप्रयाग डीएम ने ली बैठक।

पौडी में गुलदार की दहशत से दस स्कूल बंद, हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है। समाचार पत्र के अनुसार– पोखड़ा ब्लॉक के भतकोट में गुलदार ने चार साल के मासूम की ली थी जान।

देहरादून में ब्रिगेडियर की हत्या के आरोपितों से मुठभेड़, दो गिरफ्तार– दैनिक जागरण का शीर्षक है।